# B.S.W (Honours) Semester-I Examination 2014
## Hindi (Functional)
## Paper : L.C-3

**Time : Three Hours** | **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5×4=20

(क) विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके उदाहरण दीजिए।

(ग) वचन की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

(घ) काल की परिभाषा दीजिए और उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

2. निम्नलिखत प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5×3=15

(क) निम्नलिखित शब्दों के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए—

आकाश, आग, पानी, आदमी, आनन्द।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—

रात, सुख, सुबह, औरत, बालक।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदल कर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

लड़की, पत्नी, हाथ, मंत्री, पेड़।

3. निम्नलिखत वाक्यों को शुद्ध कीजिए— 5×2=10

(क) रात होता है। (ख) सीता नहीं खाता है। (ग) माँ बूढ़ा हो गया है।

(घ) राम अच्छी खिलाड़ी है। (ङ) मेरे पिता जी बीमार है।

4. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण करके उपयुक्त शीर्षक लिखिए— 10×1=10

अनन्त रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है। कहीं मधुर, सुसज्जित या सुन्दर रूप में, कहीं रुखे, बेडौल या कर्कश रूप में कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप मे सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं बल्कि चिर साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखनेवाले वर्णन हमें वाल्मीकि कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों मे मिलते हैं।

5. अध्ययन-यात्रा हेतु अपने पिताजी से अनुमति लेने के लिए एक पत्र लिखिए। 10×1=10

7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1×5=5

हाथ मिलाना, अंगूठा दिखाना, ईंट से ईंट बजाना, कलम तोड़ना, मुट्ठी बांधना

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिए— 10

शान्तिनिकेतन, पौष-मेला, नरेन्द्र मोदी, सुशासन।

---